

DR. K. J. YESUDAS

Dr. K. J. Yesudas was born on January 10, 1940 in Fort Kochi, the ancient port city of Kerala. His father Augustine Joseph was himself a well-known singer and stage actor who rode the Kerala stage. Dr Yesudas took to music at a very early age.

2. From there, the budding singer took lessons under several musical wizards, including his father,Augustine Joseph, who is his First Guru and others like Kunjan Velu Aasan, P.X.Joseph, Sivaraman Nair, Ramankutty Bhagavathar, K.R.Kumaraswamy, Chemmangudi Srinivasaiyer, Chembai Vaidyanahtha Bhagavathar, and Pallavi Narasimha Achariya, in and around Cochin.

3. In 2004, after the Tsunami attack, Dr. Yesudas invited people of all religions and organized a YAGYA in Chennai for the good cause of everyone.

4. Dr. Yesudas has received several awards and honours. In Kerala, Mahakavi Sri G.Sankara Kurup gave the title "Gana Gandharvan" to him in 1968. He has received the Kerala State Award for Best Male Playback Singer, 24 times since 1969. He was honoured with Padma Shri in 1977. He also received the National Award for Best Male Playback Singer for Seven Times (5 times in Malayalam, one each in Hindi & Telugu).Tamil Nadu Iyal Isai Nataka Manram conferred on him the title "KALAIMAMANI" in 1986."Doctorate" was conferred on him by Annamalai University in 1989."National Citizen's Award 1994" was presented by late Rev. Mother Teresa. Padma Bhushan was conferred on him by the President of India in 2002.

5. Dr. Yesudas was presented an Honorary award by UNESCO for Outstanding Achievement in Music and Peace at the event named Music for Peace, where he performed the title track from his English/Sanskrit/Latin album titled "AHIMSA." His other awards include, the 2003 J.C. Daniel Award, instituted by the Kerala Government for lifetime contribution to Malayalam Cinema; Lifetime Achievement Award given in New York, U.S.A. by the North Indian Film Industry in 2005; "NANDI AWARD," given by the Andhra Pradesh Government for the Year 2006 for best Male Playback Singer for the film "GANGA; Doctorate was conferred on him by Mahatma Gandhi University on May 19th 2009; Kerala Sangeetha Nataka Academy Award was conferred in 2010; CNN IBN Lifetime Achievement Award was conferred on 16th Dec.2011 at Delhi; LIMCA INTERNATIONAL AWARD "Men of the Year" was conferred on 31st Jan. 2012 at Delhi and "Harivarasanam Award" was conferred on 14th April 2012 at Sabarimala Sanidhanam.



डॉ. के. जे. येशुदास

डॉ. के. जे. येशुदास का जन्म 10 जनवरी 1940 को केरल के प्राचीन बंदरगाह शहर कोच्चि में हुआ। आपके पिता आगस्टीन जोसफ स्वयं एक प्रसिद्ध गायक एवं स्टेज कलाकार थे जिन्होंने केरल के रंगमंच में बहुत नाम कमाया। डॉ. येशुदास काफी कम आयु में ही संगीत से जुड़ गए थे।

2. यहां से आपने एक उभरते गायक के रूप में कोचीन तथा उसके आसपास के विभिन्न संगीत विशारदों से शिक्षा प्राप्त की जिनमें आपके पिता श्री आगस्टीन जोसफ, जो आपके प्रथम गुरू भी थे, सहित कुंजन वेलू आसान, पी. एक्स. जोसफ, शिवरामन नायर, रामन कुट्टी भागवथर, के. आर. कुमारस्वामी, चेम्मनगुड़ी श्री निवास्सअय्यर, चेम्बई वैद्यनाथ भागवथर तथा पल्लवी नरसिम्हा आचार्य शामिल हैं।

3. वर्ष 2004 में सुनामी तूफान के पश्चात, आपने सभी धर्मों के लोगों का आह्वान किया तथा सभी के कल्याण के लिए चेन्नई में एक यज्ञ का आयोजन किया।

4. आपने विभिन्न पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त किए हैं। केरल में, वर्ष 1968 में महाकवि श्री जी शंकर कुरूप ने आपको "गण गंधर्वन" की उपाधि प्रदान की। आपने वर्ष 1969 से अब तक 24 बार सर्वश्रेष्ठ पुरूष पार्श्व गायकी के रूप में केरल राज्य पुरस्कार प्राप्त किया। 1977 में आपको पद्मश्री से सम्मानित किया गया। आपने सर्वश्रेष्ठ पुरूष पार्श्व गायक के रूप में सात बार (5 बार मलयालम तथा एक बार हिन्दी व तेलुगु) राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया। 1986 में तमिलनाडु इयाल इसाई नाटक मानरम ने आपको "कलाईममानी" की उपाधि प्रदान की। वर्ष 1989 में अन्नामलाई विश्वविद्यालय द्वारा आपको डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गई। स्व. मदर टेरेसा द्वारा आपको "राष्ट्रीय नागरिक पुरस्कार 1994" प्रदान किया गया। वर्ष 2002 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा आपको पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

5. यूनेस्को द्वारा म्यूजिक फॉर पीस नामक समारोह में आपको संगीत तथा शांति के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों के लिए मानद पुरस्कार प्रदान किया गया जहां आपने "अहिंसा" नामक अंग्रेजी/संस्कृत/लैटिन एलबम से टाइटल ट्रेक प्रस्तुत किया। आपके अन्य पुरस्कारों में मलयालम सिनेमा में आजीवन योगदान के लिए केरल सरकार द्वारा स्थापित 2003 जे सी डेनियल पुरस्कार; वर्ष 2005 में नॉर्थ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री द्वारा न्यूयार्क, यूएसए में लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया; फिल्म "गंगा" के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरूष पार्श्वगायन के लिए वर्ष 2006 का आंध्रप्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त "नन्दी पुरस्कार" शामिल है। 19 मई 2003 में महात्मा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा आपको डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गई; दिल्ली में 16 दिसंबर 2011 को सीएनएन आईबीएन लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया था; 31 जनवरी, 2012 को दिल्ली में आपको लिम्का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार "मैन ऑफ द इयर" प्रदान किया गया था तथा शबरीमाला शनिधाम में 14 अप्रैल, 2012 को "हरिवंश पुरस्कार" प्रदान किया गया था।